**HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD**

**APPLICATION U/S 529 BNSS No. - 153 of 2026**

Gulista Parveen

…..Applicant(s)

Versus

State of U.P. and another

…..Opposite Party(s)

| | | |
|---|---|---|
| Counsel for Applicant(s) | : | Satish Chandra Sinha |
| Counsel for Opposite Party(s) | : | G.A., Pankaj Kushwaha, Suresh Chandra Kushwaha |

**Court No. - 50**

**HON'BLE SHEKHAR KUMAR YADAV, J.**

1–आदेश दिनांक 19–2–2026 के अनुपालन में उभय पक्ष न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित है उनके द्वारा कथन किया गया कि वे एक दूसरे के साथ रहकर अपना वैवाहिक जीवन का निर्वाहन करना चाहते है।

2–उभय पक्ष द्वारा न्यायालय को आश्वासन दिया गया कि उनके एवं उनके परिवार की ओर से ऐसा कोई कृत्य नहीं किया जायेगा जिससे कि उभय पक्ष का अपमान हो।

3–विपक्षी संख्या 2 (पति) द्वारा यह स्वीकार किया गया कि वह अपनी पत्नी को साथ लेकर अपने घर ले जायेगा और अपनी पत्नी के साथ साथ अपनी विकलांग बच्ची को भी ले जायेगा और दोनों की परवारिश करेगा। पति द्वारा भी न्यायालय को आश्वासन दिया गया कि वह अपने ससुराल जाकर अपनी पत्नी की विदाई करायेगा।

4–स्पष्ट किया जाता है कि पति के ससुरालवाले ऐसा कोई कृत्य नहीं करेगें जिससे कि उसके मान सम्मान में कमी हो।

5–तदनुसार आदेशित किया जाता है कि विपक्षी संख्या 2/पति दिनांक 6–2–2026 को अपनी ससुराल जाकर सम्मानपूर्वक अपनी पत्नी की विदाई कराके लायेगा।

6–तदनुसार इस वाद को दिनांक **25–2–2026** को नये वाद के रूप में प्रस्तुत किया जाए।

7–उपरोक्त नियत तिथि को उभय पक्ष न्यायालय को इस सम्बंध में अवगत करायेगें कि उनका दम्पत्ति जीवन सही चल रहा अथवा नहीं।

**(Shekhar Kumar Yadav,J.)**

**February 02, 2026**
A.

Digitally signed by :-
AFAQ AHMAD
High Court of Judicature at Allahabad